







# स्कूलों की होगी मासिक रैंकिंग पुरस्कृत

**कलेक्टर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 मार्च।** कलेक्टर किरोड़ीलाल मीणा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता सुधार एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। कलेक्टर ने छात्रों की अपार आईडी के स्टेटस की बारीकी से जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि शत- प्रतिशत छात्रों की अपार आईडी बनाई जाए।

उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 तक शत- प्रतिशत प्रवेश होना चाहिए। संकुल प्राचार्य सुनिश्चित करें कि स्कूलों में बच्चों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिएए शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए तथा शौचालय साफ- सुथरे होने चाहिए। साथ ही बच्चों की शत- प्रतिशत उपस्थिति का प्रयास करें। कलेक्टर ने जोर देकर कहा कि स्कूलों में उत्कृष्ट शिक्षा एवं बेहतर वातावरण बनाने के लिए अधिकारियों को स्वयं रुचि लेनी होगी। उन्होंने कहा कि विद्यालयों की मासिक रैंकिंग शुरू की जाएगी, जिसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन वाले विद्यालयों को पुरस्कृत किया जाएगा। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा और मेहनत करने वाले प्रोत्साहित होंगे।

## एबीसीडी सर्वे के तहत सभी आशा कार्यकर्ता घर- घर जाकर करें जांच : कलेक्टर

**भिंड।** कलेक्टर किरोड़ीलाल मीणा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त बीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एबीसीडी सर्वे के तहत सभी आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर प्रत्येक व्यक्तिए महिला और बच्चों की जांच सुनिश्चित करें। सर्वे के माध्यम से एनीमिया, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का जल्द पता लगाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह सर्वे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में व्यापक रूप से चलाया जाए ताकि जिले का कोई भी परिवार इससे वंचित न रहे। आशा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया ।

# सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष में निकली साइकिल रैली



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 28 मार्च।** सरदार पटेल की150वी जयंती के अवसर पर आयोजित साइक्लोथॉन रैली में पुलिस , छात्र और आमजन की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। मालनपुर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और युवाओं एवं नागरिकों को स्वस्थ रहने और एकता का संदेश दिया।पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में आयोजित इस साइक्लोथॉन की शुरुआत शनिवार सुबह उत्साहपूर्ण माहौल में हुई। साइकिल रैली में छात्रों, समाजसेवियों तथा नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों के साथ साइकिल चलाते हुए कार्यक्रम का नेतृत्व किया। साइकिल रैली मालनपुर थाने से एस आर एफ चौराहे से निकाल कर विभिन्न मार्गो से होते हुए पुन: थाने पर समापन किया गया। साइकिल रैली के दौरान पुलिस वाहन रैली के आगे आगे चलता रहा ताकि मार्ग में जाम जैसी स्थिति निर्मित ना हो ,इस साइकिल रैली से पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश प्रसारित हुआ। बड़ी संख्या में शामिल युवाओं और नागरिकों ने साइकिल चलाकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

इस अवसर पर थाना प्रभारी ने कहा कि साइकिल चलाना न केवल शरीर को स्वस्थ रखने का सरल माध्यम है, बल्कि यह मानसिक तनाव को कम करने में भी सहायक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे प्रतिदिन कुछ समय अपने स्वास्थ्य के लिए अवश्य निकालें और साइकिलिंग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन सरदार पटेल के 'एकता' के संदेश को सशक्त रूप से आगे बढ़ाते हैं। साथ ही यह समाज में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम भी है। उन्होंने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशे से दूर रहने की अपील की। साइकिल रैली समापन के बाद रैली में सम्मिलित युवाओं एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों को थाना प्रभारी ने स्वल्पाहार कराया।

# सोते रहे लोग, पीछे से चोर 80 हजार के जेवर उड़ा ले गए

**ऐंडोरी थाना क्षेत्र के भोनपुरा में हुई घटना।**

**नवभारत न्यूज**
**गोहद,28मार्च।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने आमजन की चिंता बढ़ा दी है। एंडोरी थाना क्षेत्र के भोनपुरा गांव में चोरों ने एक बार फिर सूने मकान को निशाना बनाते हुए करीब 80 हजार रुपये के सोने के जेवरात चोरी कर लिए। घटना 24- 25 मार्च की दरमियानी रात की बताई जा रही है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सुरेश सिंह पुत्र जनक सिंह तोमर (65) निवासी भोनपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह घर में अकेले रहते हैं। घटना की रात वह घर के बाहर वाले कमरे में करीब 10 बजे सो गए थे। इसके बाद किसी वक्त चोर घर के पीछे से पहुंचे और खिड़की खोलकर अंदर घुस गए।

सुबह जब सुरेश सिंह जागे और घर के अंदर पीछे वाले कमरे में पहुंचे तो वहां का नजारा देख वे सन्न रह गए। पीछे की खिड़की खुली हुई थी और कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। चोर घर में रखे सोने के जेवरात समेटकर गायब हो चुके थे।

### जेवरात की ही हुई चोरी

चोरी गए जेवरात में दो सोने की अंगूठियां, एक सोने का हार, एक सोने की जंजीर तथा एक जोड़ी झुमकी शामिल हैं जिनकी अनुमानित कीमत करीब 80 हजार रुपये बताई जा रही है। सूचना मिलते ही एंडोरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है तथा उनकी तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों में सघन अभियान चलाया जा रहा है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की वारदातों पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की है।

# साईक्लोथॉन से दिया राष्ट्रीय एकता, जागरुकता, जनसहभागिता का संदेश





**सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 मार्च।** लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत शनिवार को पुलिस द्वारा शहर में वृहद साइकिल मैराथन (साइक्लोथॉन) रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, जागरूकता एवं जनसहभागिता को बढ़ावा देना रहा।

रैली का आयोजन पुलिस उप महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार पाठक के निर्देशन में किया गया। प्रात: 8 बजे पुलिस लाइन लहार रोड से प्रारंभ हुई रैली को कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश दिलीप गुप्ता एवं रैली प्रभारी एसडीओपी अटेर रविन्द्र वास्कले ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**6 किलोमीटर की दूरी की गई तय:** साइक्लोथॉन रैली पुलिस लाइन से लहार चुंगी होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरकर लगभग 6 किलोमीटर का सफर तय करते हुए इटावा रोड स्थित इंदिरा गांधी चौराहा पर सिटी कोतवाली परिसर में संपन्न हुई। रैली में शामिल साइकिल सवारों ने राष्ट्रीय एकता के संदेश के साथ सरदार पटेल अमर रहें जैसे नारों से वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। समापन अवसर पर न्यायाधीश दिलीप गुप्ता एवं एसडीओपी रविन्द्र वास्कले ने अपने संबोधन में सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान और एकता के संदेश पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन पुलिस लाइन प्रभारी सूबेदार आदित्य मिश्रा द्वारा किया गया।

**पुलिस, खिलाडी, सामाजिक जन ने की भागीदारी:** रैली में जिला पुलिस बल के साथ कोतवाली थाना प्रभारी बृजेन्द्र सिंह सेंगर, देहात थाना प्रभारी मुकेश शाक्य, यातायात प्रभारी राघवेन्द्र भार्गव सहित पुलिस अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अलावा 17वीं वाहिनी के सहायक सेनानी संजय पोतदार विभिन्न थानों का स्टाफ, पुलिस लाइन अस्पताल टीम व एम्बुलेंस रही। साथ ही सामाजिक संगठनों, खिलाड़ियों, कोच, युवाओं, छात्र- छात्राओंए नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों, मीडिया प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली में लगभग 350 साइकिल सवार शामिल रहे जिससे पूरे शहर में राष्ट्रीय एकता और जागरूकता का संदेश प्रसारित हुआ।

# भूकंप आपदा जोखिम प्रबंधन एवं ध्वस्त संरचना

**खोज व बचाव पर हुआ प्रशिक्षण आयोजित**



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 मार्च।** जिले में भूकंप आपदा जोखिम प्रबंधन एवं ध्वस्त संरचना, खोज एवं बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 27- 28 मार्च को शासकीय आईटीआई भिण्ड में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। दोनों दिन प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के एमजेएस कॉलेज के प्रोफेसर, विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टर, जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र के सदस्य, पुलिस विभाग, होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के लगभग 80 से अधिक प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान आपदा प्रबंधन की मूल जानकारीए भूकंप से बचाव के उपाय एवं आपातकालीन स्थिति में किए जाने वाले कार्य एवं आपदा प्रबंधन में उपयोग होने वाले उपकरणों की संक्षिप्त जानकारी पश्चात विभिन्न आपदा प्रबंधन उपकरणों का डेमोंस्ट्रेशन कर उनके उपयोग की जानकारी भी दी गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से एसडीई आरएफ के द्वारा आयोजित किया गया। नोडल अधिकारी विपिन सोनकर कार्यपालन यंत्री भवन लोक निर्माण विभाग संभाग भिण्ड एवं सहायक नोडल अधिकारी एवं प्रशिक्षक प्लाटून कमांडर ब्रजमोहन सिंह नरवरिया द्वारा संपन्न कराया गया। प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण सामग्री वितरित की गई एवं स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई। सभी प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# पानी बचाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य : जिला समन्वयक

**जन अभियान परिषद की जल संरक्षण पर संगोष्ठी आयोजित**



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 मार्च।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड द्वारा जल संरक्षण के महत्व को लेकर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पावनपथ समाज सेवा जन कल्याण समिति के तत्वावधान में संपन्न हुआ। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य लोगों को जल की महत्ता के प्रति जागरूक करना और जल संरक्षण के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद शिव प्रताप सिंह भदौरिया उपस्थित रहे। उनके साथ मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम के छात्र- छात्राएं और मेंटर्स भी शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया और जल संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। संगोष्ठी का संचालन मेंटर नीरज शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन मेंटर सरिता चौहान द्वारा किया गया।

अपने संबोधन में जिला समन्वयक ने कहा कि पानी बचाना आज के समय में सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, उसी प्रकार यदि हम आज जल संरक्षण के प्रति जागरूक नहीं हुए तो आने वाले समय में गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों और उपस्थित जनसमूह को प्रेरित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपने स्तर पर जल बचाने के प्रयास करने चाहिए, चाहे वह घर में हो, खेत में हो या समाज में।कार्यक्रम में पावन पथ समाज सेवा संस्था के प्रतिनिधि अतुलकांत शर्मा ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि पानी के बिना जीवन संभव नहीं पर विचार रखें।



# उद्यानिकी फसलों की उन्नत खेती तकनीक पर हुई चर्चा

**एकीकृत बागवानी विकास मिशन अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 मार्च।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) के तहत मिशन प्रबंधन इकाई द्वारा जिला स्तरीय किसान कार्यशाला का आयोजन एमजेएस कॉलेज के निकट कम्युनिटी हॉल में किया गया। इसमें जनपद पंचायत की अध्यक्ष सरोज बघेल एवं अपर कलेक्टर एलके पांडे ने कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। सहायक संचालक उद्यानिकी सहित विभिन्न अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित रहे।

कार्यशाला में उद्यानिकी फसलों की उन्नत खेती तकनीकों पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने फसलों में कीट, रोग प्रबंधन, उद्यानिकी फसलों के महत्व एवं भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीकए मधुमक्खी पालनए जैविक खेती के लाभ एवं हाईटेक हॉर्टिकल्चर पर उपयोगी जानकारी साझा की गई। इसके अलावा एमआईडीएचए पीडीए मसीए पीएमएफएमई जैसी केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख उद्यानिकी योजनाओं का लाभ उठाने पर मार्गदर्शन दिया गया। किसानों ने विभिन्न सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने तत्काल समाधान सुझाया। कार्यशाला ने किसानों को उद्यानिकी क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित किया। कार्यशाला के दौरान जैविकए प्राकृतिक एवं परम्परागत रूप से उगाए गए खाद्यान्नए सब्जियां एवं फल उत्पाद की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

# नपा में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ माकपा चरणबद्ध आंदोलन करेगी

**माकपा नेता व पूर्व नपाध्यक्ष का आरोप**

**नवभारत न्यूज**
**गोहद,28मार्च।** स्थानीय नगरपालिका परिषद में भ्रष्टाचार चरम पर है और नगरपालिका की छबि को तार तार कर दिया गया है, हर पब्लिक प्लेस पर एक ही चर्चा है कि नगरपालिका ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए है, मामला चाहे कर्मचारियों के विनियमितीकरण का हो या कर्मचारी भर्ती का हो महगाई भत्ते से लेकर कर्मचारियों के एरियर तक में भ्रष्टाचार की आम चर्चाएं ह।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी नेता एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेमनारायण माहौर ने कहा है हद तो तब हो गई जब नगरपालिका में भ्रष्टाचार के एक संगीन मामले में फसे सीएमओ से सेवाएं ली गई, भ्रष्टाचार में फंसे सीएमओ नगरपालिका में अपनी सेवाएं देते हुए सेवानिवृत्ति ले चुके हैं। गोहद नगरपालिका परिषद ने भ्रष्ट सीएमओ से क्यों सेवाएं ली इसकी कल्पना करना मुश्किल है। एक तरफ भ्रष्टाचार दूसरी ओर मूलभूत सुविधाओं का अभाव नाले नालियां चौक ठेका प्रथा से शहर में सफाई कार्य सौंपा गया, इससे भर्ती होते कर्मचारियों पर न सिर्फ रोक लगी बल्कि बेरोजगार भाइयों के मिलते रोजगार पर भी पानी फेर दिया गया सामाजिक सुरक्षा पैशन धारियों को महीनों पैशन का भुगतान नही होता है कई वेवा महिलाओं की पैशन काट दी गई है बहाली के लिए कई चक्कर लगा चुकी हैं उनकी पैंशन बहाली का सपना चकनाचूर हो चुका है। माकपा नेता ने कहा है कि माकपा इसके लिए जनता में अभियान चलाकर भ्रष्टाचार की कलई खोलेगी और आंदोलन करने के लिए जनता को संगठित करेगी उन्होंने बताया कि वार्डों में मुहल्लों में मीटिंग से लेकर पर्चे वितरण कर अप्रैल के आखिरी सप्ताह में एक बड़ा आदोलन करेगी शीघ्र पार्टी मीटिंग कर इसमें फैसला लिया जायेगा माकपा मूलभूत सुविधाएं बहाल कर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी करेगी।

## एकमुश्त जमा करने पर सरचार्ज में मिलेगी 90 प्रतिशत तक की छूट

**समाधान योजना के दूसरे चरण में शामिल होने के लिए मात्र 3 दिन शेष**

**नवभारत न्यूज**
**भिंड,28मार्च।** मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025- 26 का द्वितीय व अंतिम चरण 31 मार्च तक लागू है। योजना में शामिल होकर लाभ उठाने के लिए अब केवल 3 दिन शेष हैं। इस दौरान तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं को एकमुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लिया। बिजली कंपनी के महाप्रबंधक अमरेश शुक्ला द्वारा उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल नहीं हो पाए वे अब द्वितीय चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं।


## आम सूचना

श्री मुन्ना सिंह, श्री जितेन्द्र सिंह पुत्रगण श्री श्रीलाल जाटव के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम झाबुआ पुरा, प.ह.नं.50, तहसील गोहद व जिला भिण्ड (म.प्र.) है जो नगर पालिका गोहद वार्ड क्र.04 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.647, 648 एवं 649 ग्राम झाबुआ पुरा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1125 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में रास्ता 15 फुट चौड़ा,पश्चिम में भूमि श्री दिनेश चन्द्र, उत्तर में भवन श्रीवास्तव एवं दक्षिण में भूखण्ड मुकेश है।उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री दिनेश चन्द्र बघेले पुत्र श्री विशवनारायण बघेले द्वारा श्रीमती साधना तोमर पत्नी श्री प्रमोद तोमर को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.935 दिनांक 03.07.2012 से विक्रय की गई थी। श्रीमती साधना उर्फ शारदा तोमर पत्नी श्री प्रमोद तोमर द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री मुन्ना सिंह, श्री जितेन्द्र सिंह पुत्रगण श्री श्रीलाल जाटव को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी042852016ए1189007 दिनांक 29.03.2016 से विक्रय की गई थी। उक्त सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी गुम हो गई है। श्री मुन्ना सिंह, श्री जितेन्द्र सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान शुभम हाउसिंग डवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम, बैंक अथवा निकाय को उक्त विक्रय विलेख दिनांक 03.07.2012 की मूलप्रति प्राप्त हो तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें अथवा उसके सम्बन्ध में कोई हित रखते हों अथवा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें।उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फेंडरल बैंक के पास, सिटी सेंटर, ग्वालियर (म.प्र.)**
**मो.नं. 98276-72710**